## खबर संक्षेप

### त्रिपुरारी मंदिर में माता महाकाली की प्रतिमा स्थापना, हुआ भण्डारा



**मण्डला।** आजाद वार्ड के बाबाघाट स्थित त्रिपुरारी मंदिर में माता महाकाली की प्रतिमा स्थापना की गई है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पूजन, हवन एवं भण्डारा का आयोजन किया गया। पुजारी पं. संतोष शुक्ला ने बताया कि मां नर्मदा तट में स्थित त्रिपुरारी मंदिर में माता महाकाली की प्रतिमा स्थापना की गई है, स्थापना विधान की शुरूआत तीन दिन पहले से हो गई थी, इसके बाद गुरूवार को पूजन, हवन के बाद भण्डारा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारा में प्रसाद लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया है।

### ''सेफ क्लिक'' के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला डां अमित वर्मा ने लगाई कार्यशाला



**मण्डला।** प्रदेश स्तरीय सायबर जागरूकता अभियान ₹सेफ क्लिक₹ के तहत जिलेभर में हुए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी तारतम्य में आज दिनांक को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला डां अमित वर्मा द्वारा पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के पहल पर सायबर अपराधों के प्रति जागरूक कराने हेतु चलाए जा रहें अभियान ₹सेफ क्लिक₹ के तहत माउंटफोर्ट स्कूल मंडला एवं अमल ज्योति हाई स्कूल महाराजपुर में कार्यशाला का हुआ आयोजन।

## दस घंटे का सफर कर प्रेमिका से मिलने पहुंचे अफसर

# रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद मची हलचल

*** पश्चिम सामान्य वन मण्डल के अधिकारी की करतूत उजागर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





कहते हैं न इश्क में न उम्र की सीमा होती है और न जात-पात का बंधन। यानि प्यार में पड़ा इंसान मोहब्बत को मुकम्मल करने के लिए कुछ भी कर सकता है। परवान चढ़ चुकें मोहब्बत का एक मामला इन दिनों हर तरफ सुनाई दे रहा है। बता दें कि पश्चिम सामान्य वन मंडल कार्यालय मंडला में उप वनमंडल अधिकारी के पद में पदस्थ एक अधिकारी की करतूतों से पूरा वन महकमा हैरत में है। मामला कुछ दिन पुराना है लेकिन खबर पूरी पुख्ता है लेकिन इस मामले में अब तक जिला स्तर से कोई कार्यवाही नही की गई है। जानकारी के अनुसार मंडला पश्चिम सामान्य में पदस्थ एसडीओ श्रीराम सूत्रकार अपनी प्रेमिका से मिलने टीकमगढ़ गए हुए थे जहां पर उनको प्रेमिका के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया है। मामला देहात थाना क्षेत्र के भगतनगर कॉलोनी का है। जानकारी के अनुसार वन विभाग मंडला में पदस्थ श्रीराम सूत्रकार का एक महिला के साथ लंबे समय से अफेयर चल रहा था। टीकमगढ़ से 335 किलोमीटर दूर जिले में वन विभाग में एसडीओ के पद पर पदस्थ श्रीराम सूत्रकार टीकमगढ़ में एक महिला के घर मिलने के लिए सरकारी वाहन से आए लेकिन रात में महिला के पति ने घर में दोनों को अकेले पकड़ लिया। जब पति ने पूछताछ की तो महिला ने जांच के मामले में मिलने की बात कह दी। संबंधित महिला वन विभाग में ही पदस्थ है। पीड़ित पति ने अपनी पत्नी और श्रीराम सूत्रकार से जान का खतरा बताकर पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है। पति ने बताया कि कुछ समय से मुझे पत्नी पर शक था। पत्नी का मोबाइल चेक किया तो उसमें मैसेज मिले। जिस पर मैने पहले भी श्रीराम सूत्रकार को हिदायत दी थी लेकिन नहीं माने। शुक्रवार को एसडीओ श्रीराम सूत्रकार ने मेरी पत्नी को मैसेज किया और मिलने के लिए रात 1 बजे घर पहुंचे। इसकी भनक मुझे पहले से होने पर रातभर घर के बाहर जागता रहा। जब रात में देखा तो पत्नी और श्रीराम सूत्रकार घर में अकेले थे। जब पत्नी से पूछा तो बोली कि किसी को बताया तो अच्छा नहीं होगा मुझे तेरे साथ नहीं रहना। अगर मुझे रोकोगे तो आत्महत्या कर लूंगी और झूठे केस में फंसा दूंगी। इस दौरान सुबह 6 बजे करीब पुलिस पहुंची। दोनों को देहात थाने ले गई। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया। वहीं वन विभाग में पदस्थ पत्नी पूर्व में अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में निलंबित हो चुकी है जिसकी जांच चल रही है जिस मामले में पत्नी ने एसडीओ श्रीराम सूत्रकार को सहयोग के लिए घर बुलाने की बात कही है। वहीं महिला के पहले पति की मृत्यु होने पर उसको अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। इसके बाद 2014 में उसकी दूसरी शादी हुई थी। पति पूर्व में अतिथि शिक्षक रहा लेकिन अब प्राइवेट जॉब करता है। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से अनबन चल रही है। इसी बीच पति को अपनी पत्नी के संबंध एसडीओ से होने की जानकारी लगी। पूर्व में श्रीराम सूत्रकार टीकमगढ़ में रेंजर के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। मामले में अन्य जानकारी भी सामने आ रही है इस संबंध में एसडीओ के सरकारी नंबर में 5 फरवरी को कॉल किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नही किया और 6 फरवरी से उनका सरकारी नंबर बंद बता रहा है। जबकि एसडीओं के पास 4 रेंज का प्रभार है जिसमें टिकरिया, मंडला, महाराजपुर और बम्हनी वनपरिक्षेत्र अधिकारी के कार्य क्षेत्र हैं जिसमें से बम्हनी कार्य क्षेत्र कान्हा जोन से लगा होने के कारण वन प्राणियों की चहल कदमी और शिकार के प्रकरण सामने आते रहते हैं। ऐसे में सरकारी नंबर को क्यों बंद रखा गया यह भी अब जांच का विषय है वहीं विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारी ने जिला कार्यालय से छुट्टी ले रखी हैं। इस संबंध में एक चर्चा के दौरान मंडला के वन मंडल अधिकारी नित्यानंदन एल ने कहा कि वे रीवा पेशी में गए थे और इस कारण से वे सरकारी गाड़ी ले गए थे लेकिन उन्होंने इस मामले के संबंध में कुछ खास कार्यवाही से गुरेज किया उन्होंने कहा कि यह उनका निजी मामला है। ज्ञात हो कि लगभग 400 किमी का सफर तय करने में संभवः 10 घंटे का समय लगता है। शासकीय दिवस के कार्यालय से गायब होना और सरकारी गाडी को ले जाना खासा चर्चा में बना है। इस संबंध में अनेक तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं। फिलहाल सभी लोग मामले से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। ज्ञात हो कि सरकारी गाड़ी का उपयोग खासकर वन महकमा जंगलों की सुरक्षा और चल रहे निर्माण कार्यो की देखरेख के लिए किया करता है। लेकिन यहां तो सब कुछ उलट पलट ही चल रहा है। यह गंभीर मामला है और इसकी विधिवत जांच होनी चाहिए। ज्ञात हो कि लगभग दो सालों से श्रीराम सूत्रकार मंडला के एसडीओ पद में पदस्थ हैं ज्ञात हो कि सरकारी गाड़ी के उपयोग संबंधी अनेक नियम कानून शासन के द्वारा तय किए गए हैं। जिसमें भले ही केंद्र सरकार ने देश भर से सरकारी वाहनों से वीआईपी कल्चर समाप्त कर दिया हो परंतु सरकारी वाहनों का अभी भी धड़ल्ले से दुरुपयोग हो रहा है। हैरानी की बात है कि यह दुरुपयोग कोई और नहीं बल्कि विभिन्न विभागों के सरकारी वाहन चालक कर रहे हैं। हालात यह है कि इस तरह के दुरुपयोग से जहां सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ा रही है सरकार को लाखों रुपए के पेट्रोल व डीजल का भी प्रतिदिन चूना लग रहा है।



## सड़क से ऊंचे सीवरेज चेम्बर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टंडन ने विगत दिवस के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन के ''05 मामलों में'' संज्ञान लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है।जिसमे 2 मामले मण्डला जिले के हैं। आयोग ने संबंधितों से जवाब मांगा है।

जिले के 2 मामले जो समाचार पत्रों मे प्रकाशित हुए थे जिसमें प्रथम दृष्टया मानव अधिकार का उल्लंघन है ऐसे मामले को संज्ञान मे लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। इस बात की जानकारी कार्यालय प्रभारी म. प्र. मानव अधिकार आयोग-मित्र, शिकायत प्रकोष्ठ शाखा मण्डला के वरूण विकास नीखर ने दी है।

### सड़क पर बना दिये ऊंचे सीवर लाइन के चैंबर

मंडला जिले के शारदा कॉलोनी में सीवर लाइन डालने के कार्य के दौरान ऊंचे सीवेज के चैंबर बनाने का मामला सामने आया है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि जो चैंबर बनाये गये है, उसकी ऊंचाई अधिक होने के कारण उससे वाहन टकरा रहे है, और साथ ही चैंबरों के ढक्कन छतिग्रस्त हो जाने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर एवं सीएमओ, नगर पालिका मंडला से मामले की जांच कराकर जन सुरक्षा आवागमन के लिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के संबंध में प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।



### ओपीडी में नहीं बैठ रहे डॉक्टर, मरीज हो रहे परेशान

मंडला जिले के जिला अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टरों के समय पर नहीं आने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल में नैनिहालों के समुचित उपचार के लिये मुस्कान ओपीडी बनाई गई है, लेकिन ओपीडी में डॉक्टर्स तय समय पर नहीं आते है, इस कारण ईलाज के लिये आने वाले बच्चों को इलाज के लिये इंतजार करना पड़ रहा है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर एवं सीएमएचओ, मंडला से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## भुआबिछिया नगर परिषद के तत्वाधान में अहीर नर्तक दलों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्रांतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गांधी मेले का आयोजन 30 जनवरी से 12 फरवरी तक अनवरत जारी है, जिसका मड़ई उत्सव कार्यक्रम बीआरसी प्रांगड़ में रखा गया जिसमें सामाजिक संस्कृति के अनुसार यादव समाज के द्वारा विधि-विधान से चण्डी पूजन किया गया इसके पश्चात दूर-दराज से 50 ग्रामों के अहीरों ने शिरकत करते हुए धूम मचा दी। आए हुए अहीरों ने मेले में झूमते हुए नृत्य किये, नर्तक दलों के द्वारा परम्परा अनुसार नृत्य प्रतियोगिता रखी गयी जिसमें प्रथम पुरस्कार आमाटोला लपटी जिसके दल प्रमुख नैनसिंह को प्रदान किया गया इसी क्रम में द्वितीय पुरस्कार भुआ जिसके दल प्रमुख रत्नेश यादव, तृतीय पुरस्कार विजेता घुघरी को प्रदान किया गया, नर्तक दलों के द्वारा विशेष साज-सज्जा एवं वेष-भूषा से परिपूर्ण टोलियों में झूम-झूमकर नृत्य करते हुए उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया जिसकी छटा देखते ही बनी। पुरस्कार वितरण प्रतीक चिन्ह एवं नगद राशि भेंट स्वरूप प्रदान की गयी। इसी क्रम में रानू रणधीर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया द्वारा यादव समाज के मुखियाओं का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। उक्त प्रतियोगिता की दर्शकों के द्वारा सराहना की गयी, कार्यक्रम में ये रहे – स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार सदस्य जोश सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सकुना उईके, डॉ. विजय आनंद मरावी, रानू रणधीर सिंह राजपूत उपाध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया, प्रदीप गोस्वामी ब्लॉक अध्यक्ष, नीरज भट्ट मंडल अध्यक्ष, विकास गवले, रजनी मरावी, नरेन्द्र उईके, पूनम रजक, प्यारेलाल कोराम, झुन्ना ठाकुर, अखिल पिपरसानिया, दादा भाई विश्वाकर्मा, विजय राय, योगेश यादव, लाला यादव, मुकेश श्रीवास, डमरू सिंह राजपूत, प्रसन्न यादव, लवकेश ठाकुर, कपिल नंदा, अवन बिसेन, वरिष्ठ नागरिक गण एवं समस्त् कर्मचारी रहे, सफल कार्यक्रम का आभार व्यक्त रानू रणधीर सिंह राजपूत उपाध्यक्ष के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन घनश्याम सिंह चौहान द्वारा किया गया

नगर परिषद भुआ बिछिया के तत्वाधान में पूज्य महात्मा गांधी स्मारक स्थल में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक रोहणी प्रसाद शुक्ला के द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया जिसमें देश भक्ति से ओत-प्रोत स्वरचित गीत- कविता एवं लेख संग्रहित संकलन पुस्तकों का प्रदर्शन पोस्टर अमर शहीदों के छायाचित्र, नारी-शक्ति सम्मान, नशा-मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वदच्छता संदेश के स्लोगन, मेले में आए हुए नागरिकों को जागरूक करते हुए लेख आकर्षण के केन्द्र रहे।

## एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता दिखा गजब का उत्साह

**मण्डला।** शुक्रवार को राजराजेश्वरी किला वार्ड मैदान में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ओम युवा मंडल मां रेवा महाआरती समिति सतखंडा घाट किला वार्ड के तत्वाधान में एक दिवसीय मनोरंजन क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें राजराजेश्वरी वार्ड नंबर 1 एवं इंद्रा जी वार्ड नंबर 2 के बीच मैच खेला गया। जिसमें विजेता इंद्रा जी वार्ड की टीम रही। रस्साकसी में राजराजेश्वरी वार्ड की मात्रशक्ति विजेता रही। पांच वर्षो से लगातार आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में इंद्रा जी वार्ड एवं राजराजेश्वरी वार्ड की क्रिकेट टीम ने भाग लिया दोनो टीमों के बीच मैंच का आयोजन किया गया। जिसमें इंद्राजी वार्ड की टीम नर्मदा इलेवन विजेता रही। वहीं उपविजेता का खिताब स्काई ब्लू को मिला विजेता टीम का सम्मान करते हुए सील्ड प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम को भी सील्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की रस्सी खेच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें राजराजेश्वरी वार्ड की महिला टीम विजेता रही हैं जिसे 3 हजार रूपए नगद एवं सील्ड प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम को सील्ड एवं 1500 रूपए का नगद पुरूस्कार समाजसेवी राजेश पटैल के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां राज राजेश्वरी की पूजन अर्चन से किया गया। यहां पर मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी राजेश पटैल, पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमति उमा यादव, पूर्व पार्षद रश्मि निकेश्वर पटैल एवं नंदा समाज सरपंच रमेश नंदा, समाजसेवी महेन्द्र नंदा, माऊथ आर्गन प्लेयर दिवाकर दत्त पांडे मंचासीन रहे। मुख्य अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश पटैल ने कहा कि ओम युवा मंडल एवं मां रेवा महाआरती समिति सतखंडा घाट किलावार्ड के तत्वाधान में एक दिवसीय मनोरंजन टूर्नामेंट से युवाओं में खेल के प्रति रूझान बढ़ेंगा उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है। वहीं सभी खिलाडिय़ो को बधाई देते हुए लगातार अभ्यास करने की बात कहीं इस दौरान वैसाखू नंदा ने मंच का संचालन किया और उन्होंने इस प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से बताया।

**कार्यवाही** | ज्ञानदीप एवं योजना भवन के क्षेत्र में प्रशासन द्वारा कार्यवाही।

# मुख्य स्थलों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही





*** नजूल एवं नगर पालिका मण्डला का संयुक्त अभियान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आज एक बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार नजूल और नगर पालिका मंडला की संयुक्त टीम ने ज्ञानदीप स्कूल के सामने, स्टेड मार्ग और योजना भवन के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया।

इस कार्यवाही के दौरान, सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा कर बनाए गए अवैध निर्माणों को हटाया गया। प्रशासन का कहना है कि यह कदम नागरिकों की सुविधा और सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित व सुगम बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर के किसी भी हिस्से में अनधिकृत अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, जिससे शहरी क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनी रहे।

स्थानीय लोगों का मिला समर्थन। इस कार्यवाही को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन के कदम की सराहना की। उनका कहना है कि अवैध अतिक्रमण के कारण यातायात में बाधा आती थी और आम जनता को असुविधा होती थी। प्रशासन के इस प्रयास से अब सड़कों पर सुगमता आएगी और सार्वजनिक स्थल लोगों के उपयोग में आ सकेंगे।

प्रशासन की अपील। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे कानून का पालन करें और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध निर्माण न करें। यदि किसी के पास वैध दस्तावेज हैं, तो वे प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं।

इस कार्यवाही से यह संदेश स्पष्ट है कि जिला प्रशासन शहरी विकास और जनहित में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं करेगा।

## माँ नर्मदा परिक्रमा पथ समग्र विकास संबंधी कार्ययोजना शीघ्र तैयार करें-श्री कूमट

*** समीक्षा बैठक में प्रभारी कलेक्टर के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



माँ नर्मदा के जल को निर्मल, प्रवाह को अविरल रखने तथा समग्र विकास संबंधी समिति की बैठक जिला पंचायत में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि माँ नर्मदा परिक्रमा पथ समग्र विकास संबंधी कार्ययोजना शीघ्र तैयार करना सुनिश्चित करें। माँ नर्मदा परिक्रमा पथ के क्षेत्र में आने वाले ग्रामों को चिन्हित कर लिया गया था, उन सभी में एक से डेढ एकड़ भूमि चिन्हित करनी है, जिनमें यात्री निवास तथा शौचालय आदि का निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि भूमि चिन्हांकन के दौरान फ्लड लेवल एवं खतरे के निशान आदि को ध्यान में रखकर चिन्हांकन करें। इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के इनपुट भी लिए जाएं। नगरपालिका के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि परिक्रमा पथ में नगरपालिका का जो क्षेत्र आता है उसमें भूमि की उपलब्धता देखें। चिन्हांकन उपरांत नजूल से लैंड पार्सल का स्टेटस आवश्यक रूप से पता करें। उन्होंने कहा कि बनाए जाने वाले यात्री निवासों के लिए पहुंच मार्ग, रपटा, पुलिया भी जरूरत के अनुसार चिन्हित कर प्रस्ताव बनाएं। जिन ग्रामों में नर्मदा तट पर उत्सव, मेला अथवा पर्यटन स्थल हैं वहां पृथक से भूमि का चिन्हांकन किया जाए जिससे श्रद्धालुओं को उचित सुविधा दिलाई जा सके।

बैठक में उन्होंने आईटीआई मंडला के अधिकारी को निर्देशित किया कि नेहरू पार्क में नगरपालिका के साथ समन्वय कर वेस्ट टू आर्ट बनवाएं। इसमें ध्यान रखें कि यह वेस्ट टू आर्ट स्ट्रक्चर अपेक्षाकृत बड़ा हो। इस नवाचार से वेस्ट सामग्री को रिसाईकिल कराने में मदद मिलेगी एवं पार्क में स्वच्छता सुनिश्चित होगी। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, एसएलआर श्री हीरालाल तिवारी, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री कपिल तिवारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## कक्षा 9 वीं एवं 11 वी की स्थानीय परीक्षाओं का हुआ शुभारंभ



**गाडरवारा।** लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार क्षेत्रीय शासकीय स्कूलों मे कक्षा 9 एवं 11 वी की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ हो गईं। इन परीक्षाओं के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 3 फरवरी से 11 वी की परीक्षा एवं 5 फरवरी से 9 वी कक्षा की परीक्षा हिंदी विषय के परचे से शुरू हुई। विदित हो कि कक्षा 9 वी की परीक्षा सुबह 10 से 1 बजे तक एवं कक्षा 11 वी की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक छात्र छात्राओं के स्कूल मे ही हो रही हैं एवं उसी स्कूल के प्राचार्य को केंद्र अध्यक्ष बनाया गया हैं। परीक्षा उपरांत अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओ के बंडल ब्लॉक के उत्कृष्ट विद्यालय मे जमा किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जाता है कि बोर्ड परीक्षाओ की वजह से इस बार ये परीक्षायें पहले हो रही हे। बीते हुये बुधवार को हिंदी का परचा देकर स्थानीय कन्या शाला स्कूल से निकल रही छात्रा सोनम कहार ने बताया कि पेपर सामान्य था अधिकांश प्रश्न सरल थे। पेपर देकर निकल रहे छात्र छात्राओं से चर्चा की गई तो उनके द्वारा परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुये जिला कलेक्टर द्वारा ध्वनि विस्तारक यत्रो पर प्रतिबंध लगाये जाने के निर्णय का स्वागत किया गया। मगर उसका स्थानीय स्तर पर पालन न होने के कारण परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुये छात्र छात्राओं को मासूस होते हुये देखा जा रहा है।

## जनशिक्षा केंद्र मे प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित



**गाडरवारा।** स्थानीय जनशिक्षा केंद्र शासकीय कन्या नवीन उ मा विद्यालय में प्रधान पाठको की बैठक आयोजित की गईं। बैठक मे स्कूली छात्र छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र,अपार आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, उल्लास नव भारत साक्षरता परीक्षा, पोर्टल पर कक्षा 5 एवं 8 वी के छात्र छात्राओं के सत्यापन एवं उनके अंको की प्रविष्टि आदि विषयो पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश उच्च माध्यमिक शिक्षक चंद्रकांत साहू ने दिए। बैठक मे जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान ने कहा कि सभी प्रधान पाठक लंबित कार्यों को जल्द निपटाएं। इस अवसर पर जनशिक्षा केंद्र की अधीनस्थ शालाओं के प्रधानपाठक उपस्थित रहे।

## जनशिक्षा केंद्र में प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित


**गाडरवारा।** स्थानीय जनशिक्षा केंद्र शासकीय कन्या नवीन उ मा विद्यालय में प्रधान पाठको की बैठक आयोजित की गईं। बैठक मे स्कूली छात्र छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र,अपार आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, उल्लास नव भारत साक्षरता परीक्षा, पोर्टल पर कक्षा 5 एवं 8 वी के छात्र छात्राओं के सत्यापन एवं उनके अंको की प्रविष्टि आदि विषयो पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश उच्च माध्यमिक शिक्षक चंद्रकांत साहू ने दिए। बैठक मे जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान ने कहा कि सभी प्रधान पाठक लंबित कार्यों को जल्द निपटाएं। इस अवसर पर जनशिक्षा केंद्र की अधीनस्थ शालाओं के प्रधानपाठक उपस्थित रहे।

# डीजे सहित ध्वनि यंत्रों पर जिला कलेक्टर द्वारा लगाया गया प्रतिबंध नगर में साबित हो रहा बेअसर

**स्थानीय स्तर पर प्रशासन की अनदेखी के चलते देर रात तक सुनाई दे रहे तेज आवाज के ध्वनि यंत्र, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुये छात्र छात्राओं को अपनी पढ़ाई को लेकर होना पड़ रहा है परेशान...**

गाडरवारा

जहां एक ओर सरकार द्वारा बच्चों के भविष्य को ध्यान मे रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार की योजनाएं चलाकर उनका भला करने की सोच रखी जा रही है। जिसके चलते सरकार द्वारा स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों को पुस्तकों से लेकर ड्रेस, भोजन व आने जाने के लिए साईकिले प्रदान करते हुए उनके शिक्षा स्तर को ऊँचा बढ़ाने में कोई कसर नही छोड़ रही है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि वर्तमान में जहां तहां खुलेआम डी जे सहित अन्य ध्वनि यंत्र जिस प्रकार से देर रात तक बज रहे है जिसके चलते वोर्ड परीक्षा तैयारियों में जुटे हुये बच्चों को पढ़ाई करना मुश्किल हो रहा है? जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा प्रदेश की बागडोर संभालने के तुरंत बाद ही तेज ध्वनि वाले यंत्रों पर रोक लगाने का आदेश देते हुये धार्मिक स्थलो से भी इस तरह के ध्वनि यत्रों को हटवाने में कोई कसर नही छोड़ी थी..? वही दूसरी ओर वदी दूसरी ओर जिला कलेक्टर द्वारा भी बीते हुये 31 जनवरी 2025 को अपना आदेश जारी करते हुये ध्वनियंत्रों पर प्रतिबंध लगाया गया है। यदि जिला कलेक्टर द्वारा जारी किये गये आदेश पर गौर किया जावे तो जिला दंडाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने स्कूल/ कॉलेज की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तेज गति से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित किया है। जिला दंडाधिकारी ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के तहत जिले की राजस्व सीमाओं के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 31 जनवरी 2025 से प्रभावशील किया गया है। जिसको लेकर अपने आदेश में यह उल्लेखित किया गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे, बैंड- बाजा एवं अन्य का उपयोग किसी भी निजी/ सार्वजनिक कार्यक्रमों में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं करेगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला दंडाधिकारी द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित अनुविभाग के अंतर्गत अत्यंत आवश्यक होने पर ही प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के 1/4 वॉल्यूम में (ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल से अनाधिक पर) उपयोग की अनुमति देने के लिए विहित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। यह अनुमति उपरोक्तानुसार एवं मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 7 के उपबंधों को दृष्टिगत रखते हुए जारी की जावेगी। अधिनियम की धारा 16 (1) के अंतर्गत हेड कांस्टेबल की पदश्रेणी से अनिम्न पदश्रेणी का कोई भी पुलिस अधिकारी, ऐसे ध्वनि विस्तारक को, जिसका उपयोग इस आदेश का उल्लंघन करते हुए किया गया हो, अभिग्रहीत कर कार्यवाही कर सकेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 15 के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में स्कूल/ कॉलेज की परीक्षायें निकट हैं एवं तेज गति से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से छात्र- छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में विघ्न उत्पन्न होता है, जिससे वे परीक्षा की तैयारी ठीक से नहीं कर पाते हैं। इस कारण उनका भविष्य प्रभावित होता है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी ने उक्त आदेश जारी किया है। इस तरह जिला दंड अधिकारी द्वारा तो अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुये





आदेश जारी करते हुये संपूर्ण कार्यवाही की जिम्मेदार स्थानीय स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी सहित पुलिस विभाग के हाथों में सौप दी गई है। इस तरह आदेश जारी हुये आज एक सप्ताह से अधिक का समय बीते जाने के बाद भी स्थानीय स्तर पर इस आदेश का पालन होते हुये कही भी दिखाई नही दे रहा है। लोग हैरत में उस समय पड़ने से नही चूक पाये जब बीते हुये शुक्रवार को नगर की पानी टंकी के पास स्थित छात्राओं के हाई स्कूल में स्थानीय स्तर की परीक्षाओं का दूर जारी रहने के बाद भी यहां से तेज आवाज में डीजे चलते हुये देखा गया..? नगर के हाल इस तरह से देखने मिल रहे है कि दिन के समय पानी टंकी के पास जहां तीन तीन स्कूलों में कक्षाये संचालित हो रही होती है वहां से धडल्ले के साथ तेज आवाज पर बजते हुये अशोभनीय गानों के बीच बराती उछलते हुये सड़को को जाम करने से नही चूक पा रहे है..। वही दूसरी ओर देर रात तक नगर में जहां तहां डीजे की तेज आवाज स्थानीय प्रशासन की उदासीनता को उजागर करने से नही चूक रही है। इस प्रकार नगर में संचालित हो रहे शादी घरों से लेकर शहर व क्षेत्र की सड़को पर तेज आवाज वाले डीजे सहित अन्य ध्वनि यंत्र बजते हुये सुनाई दे रहे उससे यह प्रतीत होते हुये जान पड़ रहा है कि शायद स्थानीय स्तर के अधिकारियों के सामने प्रदेश के मुखिया द्वारा एक साल पहले घ्वनियंत्रों को लेकर दिया गया आदेश से लेकर जिला कलेक्टर द्वारा बीते हुये 31 जनवारी को जारी किया गया आदेश अखबारों की सुर्खिया बनने बाद कागजी औपचारिकता तक सीमित होकर रह गया है और अपना भविष्य संभालने वाले इन छात्र छात्रों की पढ़ाई से जिम्मेदार अधिकारियों को कोई लेना देना नही रह गया है..? क्योंकि चंद दिनों के बाद ही वोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत होने वाली है तथा स्थानीय स्तर यानि की कक्षा 9 व कथा 11 वी की परीक्षाओं की शुरूआत हो चुकी है। जिसके चलते छात्र छात्राओं द्वारा दिन रात एक करते हुये अपनी पढ़ाई में जुटे हुये देखे जा रही है। वही दूसरी ओर नगर सहित क्षेत्र में जिस तरह ध्वनि यंत्रों के आलवा अनेक वाहनों सहित आटों में लगे डेक व अन्य प्रकार के लगे हुये ध्वनि यंत्र नगर की गलियों पर देर रात तक बजने के कारण छात्र छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान तो हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों का रात के समय सोना तक मुश्किल हो गया है...? क्योंकि नगर के अंदर रात के समय सड़कों पर दौड़ने वाले आटों सहित अन्य गाड़ियों में देर रात तक मटर गस्ती करने वालों द्वारा खुलेआम अपने वाहनों में लगे हुए इन तेज आवाज वाले डेकों को इतनी तेज आवाज से बताया जाता है कि जहां पढ़ाई करने वाले बच्चों का ध्यान विचलित होने के साथ साथ अपने घरों में सोने वाले लोगों की नीदे भी गायब होने से नही चूकती है? जबकि आवाज वाले ध्वनि यंत्रों पर भले मा. उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। मगर उसका पालन होते हुये शायद ही कही दिखाई दे रहा हो जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि जिले से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों को न तो प्रदेश के मुखिया का आदेश कोई महत्व रखता है और न मा. उच्च न्यायालय का..? इस तरह नगर में खुलेआम चलने वाले ध्वनि यंत्रों की सच्चाई को लेकर जब स्थानीय स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति खुद शिकायत करता है तो हम कार्यवाही करने के लिये तैयारी है...? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी जहां मासूम बच्चों के भविष्य को लेकर नजर अंदाज करते हुये शिकायत का इंतजार करते हुये देखे जा रहे है तो फिर सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि जिला कलेक्टर का आदेश उनके समक्ष कोई महत्व नही रखता है...? जबकि तेज ध्वनि से चलने वाले इन ध्वनि यंत्रों की आवाज अधिकारियों के आफिसों से लेकर बंगलों तक पहुंचने के बाद भी उन्हें सुनाई न देना निश्चित तौर से यह अधिकारियों की कार्य कुशलता सहित उनकी कर्त्तव्य निष्ठा पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है...? इस प्रकार से नगर में खुलेआम ध्वनि यंत्रों के उपयोग करने का की सच्चाई नगर के शादी घरों के आसपास निवास करने लोगो सहित सड़को से डीजे साउंड के साथ निकलने वाली बारातों की जगहों पर देखने मिल रहा है जहां पर छात्र छात्राओं के आलवा आम लोग परेशान हो रहे है। इस प्रकार से नगर में खुलेआम हो रहे ध्वनि यंत्रों को लेकर यहां के अभिभावकों द्वारा जिला प्रशासन से गुहार लगाते हुए मांग की गई है कि इस प्रकार से नगर में जहां तहां देर रात तक खुलेआम ध्वनियंत्रों के उपयोग पर तुरंत रोक लगाई जावे।

## पलोहा थाना क्षेत्र के ग्राम भटेरा के आसपास चल रहा जुआ फड क्षेत्र में बना चर्चा का विषय, बेगम गुलाम की बादशाही के बीच लग रहे लाखों के दांव

गाडरवारा

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस तरह पुलिस अधीक्षक द्वारा जुंआ सट्टे सहित अन्य प्रकार के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिये कार्यवाही किये जाने का भरोसा तो दिलाया जाता है। मगर इसके बाद भी क्षेत्र में 52 पत्तों का अवैध कारोबार अपनी जड़े जमाये हुये है वह निश्चित तौर अधिकारियों की मुहिम पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि समीपस्थ तेंदूखेड़ा अनुविभाग के अधिकारी आने वाले पलोहा थाना क्षेत्र में बड़े स्तर पर बेगम गुलाम की बादशाही की जिस तरह से खबर मिल रही है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद यहां पर जिम्मेदार अधिकारियों की मौन स्वीकृति प्रदान कर दी गई जिसका परिणाम है कि यह अवैध कारोबार दिन दुगना रात चौगना तरक्की करते हुये देखा जा रहा है? इसी सच्चाई का परिणाम इस समय समीपस्थ पलोहा थाना क्षेत्र में सुनाई देना भी शुरू हो गया है जिसके चलते बेगम गुलाम के शौकीनों द्वारा मानों राजशाही खेल में अपनी किस्मत अजमाते हुये इस 52 पत्तों के कारोबार को बुलंदियों पर ले जाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? सूत्रों से मिल रही जानकारियों के अनुसार बताया जाता है कि इस समय पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भटेरा क्षेत्र में सजने वाला जुंआ फड़ क्षेत्र के साथ साथ संपूर्ण जिले में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है? हाल यह बने हुये है कि 52 पत्तों के शौकीन इस अवैध कारोबार में इतनी विजय पाते हुये देखे जा रहे है जिसके चलते अब वह इस अवैध कारोबार को संचालित करने के लिये पलोहा थाना क्षेत्र को सबसे सुरक्षित मझते हुये दिन दुगना रात चौगना बढाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। सूत्रों की माने तो इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों द्वारा इस बात की ताल ठोकने में पीछे नही रह रहे है कि हमको तो अब ऊपर से ही परमशीन मिल चुकी है जिसके चलते बेगम गुलाम के भगत बनकर लक्ष्मी पूजन में जुटने में किसी का डर तक महसूस करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो पलोहा क्षेत्र के पेहरेदार व जिले की बागडोर संभालने वाले अधिकारी ही जाने..? मगर बीते हुये कुछ दिनों से पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पलोहा टिमरावन क्षेत्र में जुंआ फड संचालित होने की चर्चाये चाय पान दुकान से लेकर चौराहो पर सुनाई देने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर मिल रही जानकारियों के अनुसार इस अवैध कारोबार में अपनी किस्मत अजमाने के लिये गाडरवारा क्षेत्र ही नही बल्कि समीपस्थ रायसेन, सागर से लेकर नर्मदा उस पार के जुंआरी पहुंचकर नित्य प्रतिदिन लाखों के दांव लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस कारोबार की पहरेदारी करने के लिये जगह जगह राजशाही तर्ज पर पेहरेदार तैनात किये गये है जिसके चलते जब कोई भी अनजान व्यक्ति इस क्षेत्र की ओर रूख करता है तो बेगम गुलाम के शौकीनों को किसी के पहुंचने के पहले ही खबर मिलने से नही चूक पाती है? इस तरह काफी बडे स्तर से संचालित हो रहे ताश पत्तों के इस अवैध कारोबार के तार पलोहा थाना क्षेत्र से लेकर गाडरवारा के कुछ जाने माने जुंआरियों से जुडे होने की चर्चाये सुनी जा रही है...? इस तरह खेतों के बीच बेगम गुलाम द्वारा जिस तरह मंगल मनाया जा रहा है उसको लेकर चंद दिनों के अंदर लखपति बनने की सोच रखने वाले कुछ तथा कथित पलोहा पुलिस थाने के कुछ ताराधारी अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में आने से नही चूक रही है? क्योंकि कहा जाता है कि कि जब कोई चिड़िया अपने पंख हिलाती है तो क्षेत्र में कानून की पेहरेदारी करने वालों की खबर लगने से नही चूकती है और थाना क्षेत्र में इस तरह बडे स्तर पर चल रही बेगम गुलाम की बादशाही का इस क्षेत्र के पेहरेदारों को खबर न हो ऐसा हो ही नही सकता है...? आमजन का आरोप है कि इस तरह खाकी की मिलीभगत के चलते पलोहा थाना क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार के चलते जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही और इसी का परिणाम में की समीपस्थ पलोहा थाना क्षेत्र में जुंआ सट्टे के अवैध कारोबार अपनी पूर्ण गति में पहुंचते हुये जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि यहां पर प्रतिदिन सिर्फ क्षेत्र के ही नही बल्कि अन्य जिलों के बडे बड़े जुआरी पहुंचकर लाखों का दांव लगाने की चर्चाओं आम होती जा रही है।

## सांगई के स्कूल मे संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र पाकर प्रसन्न हुए छात्र छात्राएँ

गाडरवारा



शुक्रवार को समीपस्थ ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5 से 8 तक के लगभग 40 छात्र छात्राओं को स्कूल के शिक्षको द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। कार्यक्रम मे इस प्रतियोगिता के मार्गदर्शी माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटेल ने बताया कि 12 फरवरी को गायत्री मंदिर गाडरवारा मे आयोजित पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम मे स्कूल से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त चांदनी कहार एवं हेमवती धानक को सम्मानित किया जायेगा। पटेल ने आगामी सत्र मे भी सभी छात्र छात्राओं से इस प्रतियोगिता मे सहभागिता करने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक विवेक नाईक, सुरेश चौहान, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, रानू यादव सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## कोठिया में चल रहे 27 कुण्डीय श्रीराम मानस यज्ञ में उमड़ रही भीड़, सत्संग से मिलते हैं संस्कार -दीपेश्वरी रामायणी

हरिभूमि न्यूज/कौड़िया



समीपस्थ जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोठिया के पास पुण्य सलिला माँ नर्मदा के पावन तट ग्राम कोठिया घाट पर बीते हुये मंगलवार को माँ नर्मदा जयंती के अवसर पर शुरू हुये 27 वे तथा 27 कुण्डीय श्रीराम मानस यज्ञ के आयोजन में भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि इस आयोजन में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 2 बजे तक हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित होते हैं। वही यज्ञ के साथ ही 18 पुराणों का वैदिक पूजन एवं विप्र जनों द्वारा निरंतर पाठ किया जाता है। इसके अलावा 2 बजे से साध्वी दीपेश्वरी रामायणी के प्रवचन होते हैं। इसी के चलते बीते हुये शुक्रवार को उन्होंने अपने प्रवचनों में भगवान की लीलाओं का वर्णन करते हुये कहा कि सत्संग से अच्छे संस्कार मिलते हैं जो जीवन को आगे बढ़ाने के लिए जरुरी हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म करते रहना चाहिए। क्योंकि अच्छे कर्म पुण्य का फल देते हैं एवं बुरे कर्म पाप का भागी बनाते हैं। रामायणी ने कहा कि जीवन मे अच्छे मित्रों का होना जरुरी हैं जो बुरा वक्त आने पर साथ दें। उल्लेखनीय हैं कि प्रवचन के अंत मे आरती से समापन होता हैं। वही 12 फरवरी को भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा। यह भव्य आयोजन ब्रम्हदेव आश्रम के जगत देव दास महाराज की प्रेरणा से किया जा रहा है।

## नवभारत साक्षरता समीक्षा बैठक का आयोजन



**चीचली।** स्थानीय विकास खंड के जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस आयोजित हुई इस बैठक को संबोधित करते हुए विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल एवं जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा फरवरी माह में होने वाली असाक्षरों की परीक्षा से संबंधित सभी दिशा निर्देश देते हुये उनके द्वारा अपार आईडी तथा कक्षा पांचवी व आठवी तथा स्थानीय वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष निदानात्मक कक्षाओं के संचालन, जाति प्रमाण पत्र की फ़ाइल शीघ्र जमा के निर्देश दिये गये। वही जन शिक्षा केंद्र के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के समन्वयक सत्यम ताम्रकार द्वारा 16 फरवरी को होने वाली वाले मूल्यांकन के संबंध में परीक्षा केंद्रों की जानकारी, केंद्र अध्यक्ष के दायित्व, वार्डवार, ग्रामवार लक्ष्य अनुसार परीक्षा में असाक्षरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन तथा सामाजिक चेतना केंद्रों की साक्षरता पंजी के सतत अद्यतन संबंधित बात कही। इस बैठक में जन शिक्षा केन्द्र के सभी प्रधान पाठकों की उपस्थिति रही।



## आज से दो दिवसीय शक्ति चेतना जन जागरण शिविर आयोजन

# नगर आगमन पर योगीराज शक्ति पुत्र महाराज का भव्य स्वागत

डिंडोरी

जिला मुख्यालय के जबलपुर बायपास मैदान पर होने वाले शक्ति चेतना जन जागरण शिविर में भगवती मानव कल्याण संगठन और पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के तत्वावधान में दो दिवसीय 130 शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए सिद्धाश्रम धाम के संचालक शक्ति पुत्र जी महराज का नगर कल आगमन हुआ। जिले में बजाग तहसील के चंदनघाट में भव्य स्वागत किया गया इसके बाद लगातार गुरूदेव का स्वागत सागरटोला, खरगहना, गीधा, कूड़ा घानाघाट स्थानों पर भी मनमोहन स्वागत गेट बनाकर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।





जन जागरण यात्रा डिंडोरी नगर में पहुंची तो समनापुर तिराहा से गुरुवर श्री के शिष्यों ने लोक नृत्य रीना सैला और बैंड बाजे के साथ स्वागत किया वहीं दूसरी ओर हजारों की संख्या में मां भक्तों ने आपश्री के दर्शन प्राप्त किए। यात्रा का समापन होटल माया में गुरूदेव जी के आवास स्थल पर हुआ। मुख्यालय में इन दिनों मां भक्तों का शैलाव उमड़ा है, जो कि जिले को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार जिले में निवासरत लोगों को शिविर के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शक्ति पुत्र जी महराज का यह 130 शक्ति चेतना जन जागरण शिविर है इन्हीं शिविरों के माध्यम से संगठन करोड़ों करोड़ों लोगों को नशामुक्त बनाया है और लगातार शक्ति साधक तैयार किए हैं। मुख्यालय में इन दिनों जगह जगह तोरणद्वार बनाए गए हैं और पूरे शहर को मां मय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा जी ने बताया कि एक ऋषि के दर्शन प्राप्त करना एक जीवश की महत्वपूर्ण कड़ी है जो हमारे अनेक जन्मों से प्राप्त होते हैं संगठन ने जनमानस को गुरूदेव श्री के आशीष वचनों को सुनने एवं नशामुक्त डिंडोरी बनाने के लक्ष्य को लेकर जनमानस को आमंत्रित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### एक्सपोजर विजिट वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**अनूपपुर**। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य के निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के राज्य के अंदर एक्सपोजर विजिट के तहत जिले के बदरा, छातापटपर, पथरौडी, लपटा, बहेरा बांध, कोहका के उत्कृष्ट कार्यों का भ्रमण एवं अवलोकन हेतु दल के वाहन को जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जिले के वृक्षारोपण,नर्सरी, पंचायत भवन मुर्गी सेड, कपिलधारा कूप, पीएम जनमन आवास, दीदी कैफे, को दो प्रोसेसिंग यूनिट सिलाई सेंटर के भ्रमण अवलोकन तिथि का निर्धारण करते हुए जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने नोडल, सहायक नोडल तथा अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### आईजीएनटीयू के छात्र ने दिल्ली में के गणतंत्र दिवस परेड में की सहभागिता

अनूपपुर। जिला मुख्यालय के



समीपी ग्राम परसवार निवासी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के बीजेएमसी के छात्र अनिरुद्ध सिंह ने रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) दिल्ली में भाग लेकर न सिर्फ अनूपपुर जिले बल्कि शहडोल संभाग का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सहपाठी छात्रों तथा शुभचिंतकों ने बधाई दी है। लिए भी प्रेरणा बनेगी।

### प्रश्न पत्र को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने अधिकारी नियुक्त

**उमरिया**। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले में आयोजित होने वाली हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी वर्ष 2025 की मुख्य परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व केन्द्राध्यक्षों के साथ संबंधित थानों से प्रश्न पत्र प्राप्त किए जाने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाने तक अधिकारियो को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अधिकारी कर्मचारी मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के दिशा निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करेंगे तथा परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षो से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सारिणी अनुसार प्रातः 7 बजे संबंधित थानों मे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे ।

### घर से बिना बताए लापता हुई महिला

**कोतमा**। थाना क्षेत्र के अंतिम छोर में स्थित सड्डी गांव में एक महिला के अपने घर से बिना बताए कहीं चले जाने का मामला सामने आया है। महिला के पति अरुण द्वारा अपनी पत्नी की पता तलाश पास पड़ोस मोहल्ले एवं रिश्तेदारी में किए जाने के बाद भी नहीं मिलने पर थाने में सूचना दी गई है। पुलिस के द्वारा शिकायत के बाद महिला की तलाश में जुट गई है।

### भालूमाड़ा पुलिस ने गुम इंसान के दस्तयाब की कार्यवाही

**भालूमाड़ा**। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा अप.क्र. 339/24 धारा 137(2) बीएनएस के अपहृता/गुमशुदा लक्ष्मी पिता सुन्दर कोल (परिवर्तित नाम) उम्र 17 साल निवासी कुशला बहरा थाना भालूमाड़ा की पता तलाश कुशला बहरा भालूमाडा में कर दस्तयाब किया जाकर गुमशुदा को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

## जिला पंचायत सभागार में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**डिंडोरी ।** कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर सहित पंचायत विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने मनरेगा के प्रचलित कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्य, 15वें वित्त के तहत किये जा रहे कार्य, सहित अन्य जिला पंचायत के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में निर्मित अमृत सरोवर की वस्तुस्थिति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने समनापुर और शहपुरा में निर्मित अमृत सरोवर की वस्तुस्थिति के संबंध में संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव जानकारी ली। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में निर्मित अमृत सरोवर स्थलों की रिपोर्ट दो दिवस में प्रस्तुत करें। रिपोर्ट में स्थल स्वीकृति के समय प्रभारी अधिकारी, वर्तमान में अमृत सरोवर की स्थिति सहित अन्य विवरण प्रस्तुत किया जाए। स्वीकृति के समय अमृत सरोवर के लिए उचित स्थल का चयन नहीं किये जाने पर संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर अमृत सरोवर मरम्मत कर सुधार सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत श्रमिक नियोजन की स्थिति का आकलन विकासखण्डवार किया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को कार्य में प्रगति में लाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि सचिव,



जीआरएस और मैट अमले को सक्रिय कर लोगों को मनरेगा के तहत कार्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आरईएस एसडीओ समनापुर कशिश नायक को समनापुर से करंजिया में पदस्थ करने एवं मुख्यालय में रहने के संबंध में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्य में सुधार करते हुए प्रगति लाएं। कलेक्टर ने 15वें वित्त के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीपीडीपी कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 15वे वित्त के तहत किये जा रहे व्यय का डेटा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी जनपद कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए दो दिवस के भीतर बॉयोमैट्रिक उपस्थिति यंत्र लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी तय कार्यालयीन समय पर कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें और अपने कार्यक्षेत्र का सतत निरीक्षण करें। कलेक्टर मारव्या ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार कार्य करें। सभी इंजीनियर्स प्रस्ताव बनाते समय विशेष ध्यान दें, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित न हो। सभी विकासखण्डों में अधीनस्थों की बैठक नियमित रूप से आयोजित हों, जिससे सामंजस्यता के साथ कार्य किये जा सकें। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से पढ कर उचित रूप से निराकरण करें।

## शिविर में किया हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण

**डिंडोरी**। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जनशिविर आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनो पर कार्यवाही कर अभियान के अग्रिम चरण में आवेदकों को हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत मेहंदवानी की ग्राम पंचायत खम्हरिया, सुखलौड़ी, कठौतिया, मेहंदवानी में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। उन्होंने जन कल्याण अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर ग्रामीणों को हितलाभ का वितरण किया। साथ ही अभियान के दौरान शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किये। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आयोजित जनशिविरों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। आज आयोजित शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, बद्री प्रसाद साहू, सुदामा बर्मन, श्रीमती इंद्रावती धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के राजस्व, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, कृषि सहित अन्य विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





## विकासखंड बजाग के ग्राम खपरीपानी में रोका गया बाल विवाह

**डिंडोरी ।** विकासखंड बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हेरा के ग्राम खपरीपानी में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम में हो रहे बाल विवाह को रोका गया। बताया गया कि लड़की की उम्र 15 वर्ष तथा लड़के की उम्र लगभग 16 वर्ष पाई गई है। जिन्हें संयुक्त टीम के द्वारा परिवार को समझाइश देकर समझाया कि विवाह के लिए लड़की की आदर्श आयु 18 वर्ष और लड़के की आदर्श आयु 21 वर्ष है। समझाइश के बाद परिवार के सदस्यों ने सहमति से निश्चय किया कि आदर्श आयु में ही विवाह संपन्न करेंगे। जिला प्रशासन लगातार बाल विवाह रोकने के लिए सार्थक प्रयास कर रहा है। बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने बाल विवाह के बारे में वर वधु के माता पिता को समझाया, समझाइश के साथ ही ये भी बताया गया कि बाल विवाह करना और करवाना एक कानूनी अपराध है, बाल विवाह करने वालों के समस्त शासकीय लाभ पर प्रतिबन्ध लग जाता है, समझाइश के बाद दोनों पक्ष ने सहमति के साथ विवाह योग्य आयु होने पर ही विवाह करने का लिखित वचन दिया, जिला प्रशासन की तत्परता के फलस्वरूप बाल विवाह रोकने में सफलता प्राप्त हुई।



# अमरपुर नगर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारिणी घोषित

अमरपुर

अमरपुर नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें अमरपुर नगर संगठन की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। बैठक के प्रारंभ में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रीति मरकाम एवं समनापुर नगर मंत्री गोकुल ठाकुर मौजूदगी में अमरपुर नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवीन कार्यकारिणी में नगर मंत्री खुशबू बरमैया, नगर सहमंत्री सपना अग्रवाल, दिव्यांशु एवं संजय कछवाहा, नगर एसएफडी प्रमुख मनीषा, सह प्रमुख सुरेखा सरैया, कार्यालय मंत्री सुमन, आरकेएम प्रमुख मोनिका पड़वार, सह प्रमुख प्रतिमा, नगर एसएफएस प्रमुख अभिलाष काशिफ, सह प्रमुख रामदुलारी, नगर क्रीड़ा प्रमुख ज्योति, सह प्रमुख भूपत, नगर महाविद्यालय प्रमुख पिंकी, सह प्रमुख देवंती, नगर स्टडी सर्कल प्रमुख आरती नंदा, सह प्रमुख प्रेमसखी, नगर छात्रा प्रमुख सुमन, सह प्रमुख सुदामा, नगर कोषाध्यक्ष संध्या, नगर खेलो भारत प्रमुख हरीशचंद्र, एनसीसी प्रमुख अमरावती, नगर कार्यकारिणी सदस्य दीपक कछवाहा, हंसी एवं रामेश्वरी आदि को दायित्व सौंपा गया।



# जंगल में मिला नवजात शिशु का शव

### पुलिस कर रही छानबीन

**अनूपपुर**। शुक्रवार की दोपहर कोतवाली पुलिस थाना को अनूपपुर-अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य ग्राम पंचायत सकरा के छीरापटपर के जंगल में एक पुल के नीचे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा झोला में भरकर फेंका गया एक नवजात शिशु बालिका का शव बरामद कर मौके पर कार्यवाही की है। पुलिस के द्वारा अज्ञात व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर कोतवाली पुलिस अनूपपुर को सूचना मिली कि अनूपपुर-अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य ग्राम पंचायत सकरा के छीरापटपर गांव के समीप इमली पेड पुल के नीचे एक झोला में एक नवजात शिशु बालिका का शव अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फेंका गया है। अनूपपुर निरीक्षक कोतवाली अरविंद जैन के निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक संतोष पांडेय पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर परीक्षण किया जिसमें एक झोला के अंदर नवजात शिशु बालिका जो एक-दो दिन पूर्व की रही है जिसका मृत स्थिति में शव पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए शव को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में सुरक्षित रखते हुए अज्ञात व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।

# जिला कांग्रेस में घमासान के बीच जिले में तीन दिवसीय प्रवास पर प्रदेशाध्यक्ष

### संगठनात्मक दौरे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष 11, 12 व 13 को होंगे जिले में



**अनूपपुर**। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी संगठनात्मक दौरे पर 11, 12 एवं 13 फरवरी को अनूपपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने समस्त कांग्रेस जनों से अपील की है कि आधिकाधिक संख्या में सभी स्थानों पर पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत करें एवं संगठन के मजबूती के लिए उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 11 फरवरी को प्रातः 5.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 11.30 बजे शाहपुरा जिला डिंडोरी पहुंचेंगे। वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक एवं पत्रकारों से चर्चा करेंगे। इसके पश्चात डिंडोरी आगमन होगा यहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के पश्चात डिंडोरी से रात्रि 8.00 बजे प्रस्थान कर 9.30 बजे अनूपपुर जिले के अमरकंटक आगमन होगा। जहां रात्रि विश्राम करेंगे। 12 फरवरी को प्रातः 10 बजे अमरकंटक से प्रस्थान कर 11 बजे पुष्पराजगढ़ आगमन होगा। वहां विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के पश्चात दोपहर 3 बजे अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 4 बजे अनूपपुर विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेंगे एवं रात्रि विश्राम अनूपपुर में करेंगे। 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे अनूपपुर में पत्रकार वार्ता का आयोजन करेंगे। 11 बजे अनूपपुर से कोतमा के लिए प्रस्थान करेंगे। 12 बजे कोतमा विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेंगे। कोतमा से दोपहर 3 बजे प्रस्थान कर 4 बजे शहडोल पहुंचेंगे। उन्होंने जिले के सभी कांग्रेस जनों से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सभी कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।

## धमाचौकड़ी करने के बाद 46वें दिन वापस छत्तीसगढ़ गये हाथी

**अनूपपुर**। 46 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य से अनूपपुर जिले में आए दो नर प्रवासी हाथी निरंतर विचरण कर शुक्रवार की सुबह छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके में वापस चले गए इसके पूर्व हाथियों के द्वारा तीन-चार गांव के ग्रामीण के घरों में तोड़फोड़ कर खेतों में लगी सामग्रियों को अपना आहार बनाया। दोनों हाथी गुरुवार के सुबह वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी अंतर्गत धनगवां बीट के जंगल में दिनभर विश्राम करने के बाद देर रात जंगल ल से निकलकर ग्राम पंचायत कुकुरगोडा के टोला, मोहल्ला एवं ग्राम पंचायत चोलना के बचहा टोला में ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर खेतों में लगे विभिन्न प्रकार के अनाज को आहार बनाते ग्राम पंचायत चोलना सरपंच के बाडी में लगे ट्यूब बेल के पाइपों को तोड़ते हुए शुक्रवार की सुबह गूजर नाला पार कर कर छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत शिवनी बीट के मालाडांड डिडवा के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं।



# बच्चों से मारपीट के आरोपी प्रभारी अधीक्षक को अंततः मिली किये की सजा

**कन्या शिक्षा परिसर कोतमा की प्रभारी अधीक्षक को कलेक्टर ने किया निलंबित**

**कोतमा**। कन्या शिक्षा परिसर कोतमा छात्रावास में निवासरत कक्षा सातवीं की 28 छात्राओं द्वारा प्राचार्य को बताया कि प्रभारी छात्रावास अधीक्षक श्रीमती प्रभा मरावी द्वारा आवासीय कक्ष में प्रवेश कर रात्रि लगभग 10 बजे अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अकारण ही मारपीट की गई है। कक्षा आठवीं की छात्रों ने भी इसी प्रकार व्यवहार करने की धमकी के संबंध में प्राचार्य को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कोतमा के प्राचार्य ने उक्त कृत्य के विरुद्ध अभिभावकों के समक्ष थाना कोतमा में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई गई। प्रभारी अधीक्षक माध्यमिक शिक्षक श्रीमती प्रभा मरावी द्वारा किए गए कृत्य पदीय दायित्वो के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता घोतक होने पर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम तीन के विपरीत होने के कारण घोर कदाचरण की श्रेणी में आने पर प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमती प्रभा मरावी मूल पद माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल बैहाटोला को मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पडमनिया विकासखंड पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर नियत किया गया है निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्तों की पात्रता होगी।

### आवास सर्वे में लापरवाही बरतने पर सर्वेयर के मानदेय भुगतान पर रोक

**अनूपपुर**। केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान में ग्राम पंचायतों में घर- घर सर्वे कार्य किया जाकर पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त सर्वे कार्य का जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा आज ग्राम पंचायत करौंदा टोला जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ का निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### जूडो नेशनल गेम्स में दायित्व निभायेंगे अशोक नामदेव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर के जूडो कोच अशोक नामदेव को उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होने जा रहे 38 वे नेशनल गेम्स की जूडो स्पर्धा में टेक्निकल अधिकारी नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति भारतीय जूडो महासंघ के द्वारा की गई है। इसके पूर्व श्री नामदेव केरल में आयोजित नेशनल गेम्स में मध्यप्रदेश के कोच रह चुके हैं वर्ष 2022-23 में गुजरात में आयोजित हुए नेशनल गेम्स मे भी टेक्निकल अधिकारी का दायित्व निभा चुके हैं। नेशनल गेम्स में वे ही टीमें या खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने संबंधित खेलो की सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रथम आठ टीम्स या क्वार्टर।फाइनल तक स्थान बनाया होता है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2025 का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राज्य शासन द्वारा 24 व 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 (जीआईएस 2025) का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल में किया जायेगा। इसमें एमएसएमई एवं स्टार्टअप समिट का आयोजन 25 फरवरी को किया जायेगा। इसमें जिले के अधिक से अधिक संख्या में उद्यमियों का पंजीयन किया जायेगा। साथ ही समिट में भाग लेने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। यह जानकारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, नरसिंहपुर ने दी है।

### पानी में गिरा मासूम, मौत

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस डेढ वर्ष के मासूम की पानी मे डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम मानेगांव मे निवासी अशोक का पुत्र आर्यन उम्र डेढ वर्ष घर के पास खेल रहा था तभी वह पानी मे गिर गया जिससे उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम 10 तक

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2025- 26 में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 फरवरी तक राज्य सरकार की वेबसाइट में निर्धारित शुल्क के साथ 10 फरवरी तक कर सकते है।

### मां-बेटी ने की आत्महत्या की कोशिश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना के सिल्लोर निवासी एक महिला और उसकी बेटी ने आत्महत्या की कोशिश की। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि अनीता कुमरे का अपनी बेटी रीना के साथ घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनों ने शहद और घी मिलाकर सेवन कर लिया, जिससे उनकी तबियत बिगड़ गई। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अधेड़ महिला से छेड़छाड़

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** किंदरई थाना के निचली गांव में एक व्यक्ति ने अधेड़ महिला से छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने बताया कि निचली निवासी तिवारी लाल धुर्वे 45 साल ने गांव की एक अधेड़ महिला से छेड़छाड़ की। जब महिला ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि वह घटना के बाद से फरार है।

## पीड़ित ने कलेक्टर से लगाई गुहार

# खेत से उठाई मिट्टी, फसलें हुई क्षतिग्रस्त




### ठेकेदार ने अवैध रूप से उठाई मिट्टी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासन द्वारा लोगों को सुविधा के लिये नये पुल पुलिया रोड ओवरब्रिज आदि का निर्माण कराया जाता है जिससे लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके। शासन द्वारा निर्माण को ठेके पर देकर संबंधित अधिकारी भी आंख बंद कर लेते है जिससे ठेकेदारों की मनमानी के कारण लोगों को परेशान होना पड़ता है। ऐसा मामला करेली तहसील क्षेत्र से सामने आया जहां पर किसान से बिना पूछेताछे ठेकेदार द्वारा किसान के खेत से मिट्टी उठा कर फसलों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ति किसान द्वारा जिला प्रशासन को आवेदन देकर क्षतिपूर्ति व कार्रवाई की मांग की गई है।

### ठेकेदारों की मनमानी जारी

जिले मे अनेको स्थानों पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य मे ठेकेदारों की भरपूर मनमर्जी का कार्य किया जा रहा है। निर्माण के कार्य में ठेकेदारों द्वारा मिट्टी से भराई की जा रही है जिसमे बड़ी मात्रा मे मिट्टी की आवश्यकता होती है। जिसे लेकर ठेकेदार द्वारा मिट्टी का खनन किया जा रहा है ठेकेदार द्वारा अधिकांशतः शासकीय भूमि से खनन



किया जाता है लेकिन निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार से कार्य प्रणाली से आसपास के किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे किसान को आर्थिक व मानसिक क्षति भी होती है। प्रशासन को चाहिये की ठेकेदारों पर अंकुश लगाकर रखे जिससे किसानों व अन्य लोगों को परेशानी ना हो।

### मामला इस प्रकार

करेली तहसील के अंतर्गत एनएचएआई के ठेकेदार व अन्य द्वारा निर्माण कार्य हेतु किये जा रहे शासकीय भूमि के अलावा निजी कृषि भूमि से मिट्टी खनन व खनन परिवहन से खेत में लगी फसल के नुकसान को लेकर ग्राम मिढ़ली निवासी भोजराज साहू ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन दिया व कार्यवाही की मांग की। मिली जानकारी अनुसार करेली तहसील के अंतर्गत ग्राम मिढली में कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) के द्वारा माह नवम्बर 2024 में निर्धारित नियमों / शर्तों के तहत 50 हजार घन मीटर, खनिज मिट्टी उत्खनन व परिवहन की अस्थाई अनुज्ञा जारी की गई थी। गौरतलब है कि करेली व नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत ग्रामों में भारी मात्रा में खनिज मिट्टी का खनन व परिवहन कार्य जोरों से किया जा रहा है उक्त मिट्टी को ओवरब्रिज सहित अन्य निर्माण कार्यों में उपयोग किया जा रहा है मिट्टी खनन को लेकर पूर्व में नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत गांव के ग्रामीणों ने खनन स्थल पर पहुंचकर खनन पर रोक लगाने हेतु ज्ञापन सौंपा था।

### किसान की फसल हुई खराब

किसान द्वारा जिला प्रशासन के नाम दिये गये आवेदन में बताया गया है कि ठेकेदार द्वारा बिना की सूचना के खेत से मिट्टी उठा ली गई तथा फसल को खराब किया गया जिससे उसे आर्थिक क्षति हुई है। प्रशासन को चाहिये कि जिले मे काम कर रहे ठेकेदारों की जांच कर उन्हें निर्धारित सीमा मे खनन करने तथा नियमों के तहत कार्य करने की हिदायत दी जाए जिससे आसपास के किसानों तथा नागरिकों को परेशानी ना हो। ज्ञात हो कि जिले मे काम करने वाले ठेकेदारों से आये दिन आम नागरिक परेशान होते नजर आता है जिस पर अंकुश लगता नजर नहीं आ रहा है।

# मिशन युवा शक्ति की ब्रीफिंग सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर लांच किए गए विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से ब्रीफिंग सत्र का आयोजन विद्यार्थियों हेतु किया जा रहा है। संस्था प्राचार्य डॉ. आर.बी.सिंह के निर्देशन में पीपीटी तथा वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को मिशन के लक्ष्यों तथा उद्देश्यों से अवगत कराया गया। युवा शक्ति मिशन का मुख्य लक्ष्य युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने एवं उनकी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा प्रदान करना है। महाविद्यालय के समस्त विभागों द्वारा मिशन के



विभिन्न पक्षों की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है। जिससे महाविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सतीश दुबे, डॉ. स्वाति चांदोरकर, प्रो. श्रीलाल चौधरी, प्रो. सुधा विकरौल, प्रो. रीता रावत, डॉ. एस.के. उप्रेलिया, डॉ. गनेश कुमार सोनी, डॉ. नमिता साहू, प्रो. महेन्द्र मेहर, प्रो. सतीश बैस, तथा समस्त स्टाफ का सक्रिय सहयोग रहा। मिशन के माध्यम से युवाओं को समाज में सक्रिय एवं रचनात्मक भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह आयोजन विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रभृति सेन के मार्गदर्शन तथा प्रकोष्ठ सदस्यों श्रीमती शिल्पी तिवारी, श्रीमती दीप्ति नेमा तथा कु. पूर्णिमा पटेल के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

## छात्रवृत्ति आवेदन के लिए पोर्टल खोलने की मांग

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के लिए शैक्षणिक वर्ष 2022- 23, 2023- 24 एवं 2024- 25 के नवीनीकरण आवेदन प्राप्त करने के लिए आगामी आदेश तक एनआईसी पोर्टल 2.0 खोलने के लिए अपर आयुक्त अनुसूचित जाति विकास मप्र ने वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (आईटी) भोपाल को लेख किया है। इस संबंध में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर ने सभी शासकीय अशासकीय महाविद्यालय, आईटीआई, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्यों को आयुक्त अनुसूचित जाति विकास भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार कार्यवाही करने के लिए कहा है।

## पशु चिकित्सक ने निरीक्षण कर किया चूजों का परीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विकासखंड गोटेगांव के पशु चिकित्सालय सूरवारी द्वारा चयनित ग्राम अंधियारी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की महत्वपूर्ण हितग्राही मूलक योजना बैकयार्ड कुक्कुट इकाइयों का वितरण 8 जनवरी 2025 को किया गया था। इसके तहत प्रति प्रकरण 28 दिवसीय वनराजा एफएफजी प्रजाति के 40 चूजे हितग्राही को वितरित किये गये थे। पशु चिकित्सालय सूरवारी के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ प्रभारी ने 29 दिन बाद 5 फरवरी 2025 को ग्राम अंधियारी के राजेन्द्र गौंड एवं श्रीमती माया बाई ठाकुर के यहां चूजों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चूजों का वजन 750 ग्राम हो गया है जो कि उत्तम वजन माना जाता है। यह चूजें लगभग एक माह बाद विक्रय योग्य हो जायेंगे और मुर्गी पालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।





## छात्राओं को सिखाये जा रहे आत्मरक्षा के तौर तरीके

**तेंदूखेड़ा।** आज के समय में युवतियों के साथ हो रहीं विभिन्न प्रकार की छेड़खानी जैसी घटनाओं और मजनुओं को मुंहतोड़ जवाब देने की मंशा से छात्राओं को आत्मरक्षा को लेकर स्वयं सक्षम बनाने आवश्यक तौर तरीके बताये जा रहे हैं।इसी सिलसिले में तेंदूखेड़ा के शासकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं को प्रशिक्षण के माध्यम से बताया जा रहा है कि हमें स्वयं सजग रहने की आवश्यकता है।यदि मौका आ भी जाये तो डरने की बजाय स्वयं मुंहतोड़ जबाव दो जिससे सामने वाला परास्त होकर भाग जाये। कन्या विद्यालय परिसर में चल रहे इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हो ही रहीं हैं वहीं विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा भी आवश्यक तौर तरीकों पर प्रकाश डाल रहीं हैं।

## बोर्ड पैटर्न पर चल रही हैं नवमी एवं ग्यारहवीं की परीक्षाएं



**तेंदूखेड़ा।** लोक शिक्षण संचनालय के निर्देशानुसार सभी शासकीय स्कूलों में कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा चल रहीं हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी से कक्षा 11वीं एवं 5 फरवरी से कक्षा 9वी की हिंदी विषय की परचे के साथ शुरू हो गई हैं। कक्षा 9वीं की परीक्षा सुबह 10 बजे से 1 तक और कक्षा ग्यारहवीं की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक स्कूल में ही संचालित हो रही है। इस बार परीक्षा में प्राचार्य को ही केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है। परीक्षा उपरांत मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल शासकीय स्कूलों में बनाए गए केन्द्रों पर एकत्रित हो रहे हैं। बोर्ड परीक्षाओं की वजह से इस बार यह परीक्षाएं बहुत पहले आयोजित हो रही है ।बुधवार को हिंदी का देकर बाहर आए छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस बार हिंदी का पर्चा बहुत सरल आया था और आगामी पेपर भी इसी प्रकार से रहे जिससे उनका हल करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। स्मरण रहे कि फरवरी माह के अंतिम सप्ताह से ही बोर्ड परीक्षाएं भी आयोजित होने वाली है । वहीं माध्यमिक स्तर पर कक्षा 8 एवं पांचवी की परीक्षाएं भी 24 फरवरी से प्रारंभ हो जाएगी।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम आयोजित




**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम खमरिया (झांसीघाट) के विद्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड गोटेगांव की जन शिक्षा केंद्र खमरिया (झांसी घाट) में दिनांक 7 फरवरी 2025 को आवश्यक बैठक आयोजित की गई है बैठक में विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता गोटेगांव सतीश साहू ने बताया कि16 फरवरी 2025 को असाक्षरों की परीक्षा आयोजित की जाना है इसके अंतर्गत ग्राम बसाहट में शत प्रतिशत असाक्षरों का सर्वे कर Nilp ऐप पर उनका पंजीयन करना है।परीक्षा का समय प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है असाक्षर साथी अपनी सुविधा अनुसार परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल हो सकता है परीक्षा प्रांत उत्तर पत्रिकाओं को चेक कर Nilp ऐप पर उसी दिन रिजल्ट फीड करना है परीक्षा केंद्र में सभी असाक्षरों को उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु अक्षर साथी, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी की सहभागिता आवश्यक है विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धांत बागडे(सहायक संचालक) ने बताया कि दिए गए लक्ष्य अनुसार शत प्रतिशत असाक्षरों की परीक्षा आयोजित करें एवं प्रत्येक परिस्थिति में परीक्षा केंद्र खुले रहे एवं समस्त कर्मचारी परीक्षा केंद्र में उपस्थित रहे बैठक में BEO सिद्धांत बागडे,BAC उमाशंकर छिरा,योगेंद्र बुनकर दशरथ चड़ार विकासखंड सह समन्वयक (साक्षरता) गोटेगांव सतीश साहू संकुल सह समन्वयक (साक्षरता) खमरिया केदारनाथ कोरी एवं संकुल की समस्त शालाओं के संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

# मां मेकलसुता ग्रुप द्वारा झांसीघाट में भव्य महाआरती



**गोटेगांव।** विगत दिवस झांसीघाट में नर्मदा जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर झांसीघाट तट पर माँ मेकालसुता ग्रुप द्वारा महाआरती एवं नर्मदाष्टक पाठ का आयोजन किया गया एवं विशाल भंडारे जिसमे हज़ारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक एवं (MMG) ग्रुप के अध्यक्ष पं.आशुतोष दुबे ने बताया कि मां नर्मदा तट झांसीघाट में हमारा ग्रुप हर पूर्णिमा महाआरती का आयोजन करता है माँ नर्मदा साक्षात जीवन दायिनी हैं और उनके दर्शन मात्र से प्राणियों के समस्त पाप क्षीण हो जाते हैं शास्त्रों में नर्मदा जी के 24 मुखों का उल्लेख है। यह दुनिया की एक मात्र नदी है जिनकी परिक्रमा होती है। भाग्यशाली होते है वे मनुष्य जिन्हें नर्मदा जी की परिक्रमा का सौभाग्य मिलता है। नर्मदा परिक्रमा से 7 जन्मों के पापों का नाश होता है। एक रात्रि रेवा तट पर विश्राम करने पर शिवरात्रि के समान पुण्य मिलता है। गंगा भी वर्ष में एक बार स्वयं नर्मदा जी में स्नान करने आतीं हैं। इस दौरान जितेंद्र चौबे,अनिल दुबे,प्रशांत दुबे,आशुतोष दुबे,भरत पटेल,आकाश उमरे,अर्पित गोटिया, तारिक खान,शक्ति दुबे, अभिषेक पटेल,रूपम विश्वकर्मा,अशोक प्रजापति,विवेक जैन,धर्मेंद्र पटेल,रविंद्र रजक,आदर्श तिवारी,आदर्श सेन,सौरभ दुबे,आकाश पटेल,रंजीत सेन,अर्जुन श्रीपाल,तरुण दुबे,रवि पटेल,सौरभ पाठक,करण श्रीपाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीराम, जानकी लक्ष्मण एवं हनुमान महाराज की मूर्ति स्थापित

**गोटेगांव।** स्थानीय स्वर्गीय छोटेलाल साहू राम जानकी मंदिर,पथरिया कुआं में शुक्रवार को भव्य भूमि पूजन एवं शोभायात्रा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंदिर में विराजमान भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं को गहोई धर्मशाला शिव मंदिर में स्थापित करने हेतु भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्व. छोटेलाल साहू राम मंदिर ट्रस्ट से प्रारंभ होकर रिपटा, भगतराम चौहरा, होते हुए गहोई धर्मशाला, शिव शंकर मंदिर स्थल पहुंची। नगर के श्रद्धालु भक्ति भाव से शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से संपूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पंडित जितेंद्र चौबे द्वारा विधिवत पूजन-पाठ कर भगवान की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। पूजन उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सरदार सिंह पटेल, सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे बी.डी. साहू (अध्यक्ष), भोले साहू, खेमचंद साहू, ओमप्रकाश साहू, पी.डी. साहू (पत्रकार), प्रदीप साहू, गुलाब साहू सहित स्व. छोटेलाल साहू राम मंदिर ट्रस्ट एवं निर्माण समिति के सदस्य तथा गोटेगांव साहू समाज के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। स्थानीय साहू समाज ने इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन बताया।